प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 30.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों के लिए उत्क्रमित वेतनमान जारी करने का दिया निर्देश, एक जनवरी 2026 से मिलेगा लाभ।
- भारत निर्वाचन आयोग ने ईसीआई–नेट डिजिटल प्लेटफॉर्म को और अधिक यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए आमंत्रित किए सुझाव, 27 दिसंबर तक चलेगी प्रक्रिया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार, यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने रांची में कहा– झारखंड में उद्योग, खनन और संसाधन–आधारित विकास के बड़े अवसर मौजूद, वित्त आयोग के साथ राज्य के मुद्दों पर करेंगे बैठक।
- रांची में आज दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच एक दिवसीय मैच, सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर साढ़े तीन बजे तक दर्शकों को स्टेडियम में मिलेगा प्रवेश।

*************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों के लिए उत्क्रमित वेतनमान जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दीपक रौशन की अदालत ने हजारों प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षकों को छठे वेतन आयोग के अनुरूप वेतन निर्धारण करने को कहा है। यह लाभ एक जनवरी 2026 से प्रभावी होगा।

*************

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों को ईसीआई –नेट ऐप डाउनलोड करने और इस पर मौजूद सबमिट अ सजेशन टैब का उपयोग करके ऐप को बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया है। यह प्रक्रिया 27 नवंबर 2025 से शुरू हो चुकी है 27 दिसंबर 2025 तक चलेगी। ईसीआई –नेट ऐप के प्रारंभिक संस्करण का उपयोग बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और हाल के उपचुनावों के दौरान किया गया था। इस नए प्लेटफॉर्म ने बेहतर मतदाता सेवाओं, मतदान प्रतिशत के रुझानों की त्वरित उपलब्धता और चुनाव समाप्त होने के 72 घंटों के भीतर इंडेक्स कार्ड के प्रकाशन को सक्षम बनाया है।

*************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। इस श्रृंखला में पेश है देश के ऑटोमोबाइल क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

*************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

*************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

************

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने कहा है कि झारखंड अपार संभावनाओं वाला राज्य है, जहां उद्योग, खनन और संसाधन–आधारित विकास के बड़े अवसर मौजूद हैं। पूर्व मंत्री रांची में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ की ओर् से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से अत्यंत समृद्ध राज्य है। श्रीप्रभु ने आश्वस्त किया कि वित्त आयोग के साथ एक बैठक आयोजित कर झारखंड के उद्योग जगत से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी संवाद किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सांसद महेश पोद्दार और् चैंबर के पदाधिकारी मौजूद थे।

************

पाकुड़ में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वावलम्बन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से पहल की गई है।

************

जामताड़ा समाहरणालय में उपायुक्त रवि आनंद, पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर जिले में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की स्थिति तथा प्रगति की जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने आपराधिक घटनाओं के खुलासे से संबंधित जानकारी दी।

************

देवघर नगर निगम में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। इसमें श्रीसिन्हा ने राजस्व संग्रह की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए संबंधित एजेंसी और अधिकारियों को लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रह करने का निर्देश दिया।

************

राजधानी रांची में आज होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच को लेकर दर्शकों के बीच उत्साह का माहौल है। जेएससीए स्टेडियम के पास सुबह से ही गहमागहमी है। तीन एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला का यह पहला मैच दोपहर डेढ़ बजे शुरू होगा। इसे लेकर सुबह साढ़े ग्यारह बजे से लेकर दोपहर साढ़े तीन बजे तक दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश मिलेगा। भारतीय टीम के कप्तान के एल राहुल ने कहा कि रांची में अच्छे रन बनेंगे।

************

<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>

- राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने एयरबस विमानों में सोलर रेडिएशन संकट को लेकर उड़ान प्रभावित होने की खबर और रांची में होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- प्रभात खबर लिखता है–एयरबस विमानों में सोलर रेडिएशन का खतरा, सैकड़ों उड़ानें हुईं प्रभावित, सात विमान देर से रांची पहुंचे।
- अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने भी उड़ान प्रभावित होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
- हिंदुस्तान ने रायपुर सम्मेलन के हवाले से लिखा है–पीएम की मौजूदगी में राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने पर मंथन।
- दैनिक भास्कर ने रांची में होने वाले भारत–दक्षिण अफ्रीका मैच की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

- दैनिक जागरण और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स आफ इंडिया ने भी रांची में होने वाले मैच की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*******************